# भास्कर भट्टाचार्य

66 वर्षीय, श्री भास्कर भट्टाचार्य वाणिज्य में ऑनर्स ग्रेजुएट और कानून में स्नातक हैं। इनके पास बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी है। ये 30 से अधिक वर्षों से अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। ये हुगली टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल कराधान न्यायाधिकरण के सदस्य हैं। इन्होंने निबेदन नामक एक गैर सरकारी संगठन में महासचिव के रूप में भी काम किया है। ये तीन साल की अवधि के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक रहे हैं। निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने ऑडिट कमेटी, नामांकन और पारिश्रमिक समिति के सदस्य और बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।